कार्यालयः- जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर जिला

Email ID : dc-joddis-rj@nic.in

क्रमांकः— स्था./2025/ 110 दिनांकः— 13/06/2025

:: कार्यालय आदेश ::

माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर के पत्र क्रमांक Gen./II/03/2025/968-969 दिनांक 04.06.2025 एवं विधि एवं विधिक कार्य विभाग, राजस्थान सरकार की अधिसूचना क्रमांक प.1(02)न्याय/2023, जयपुर दिनांक 02.06.2025 द्वारा जोधपुर जिला न्यायक्षेत्र में से फलोदी क्षेत्राधिकार हेतु **जिला एवं सेशन न्यायालय, फलोदी का नवसृजन किए जाने** एवं प्रादेशिक सीमा का क्षेत्राधिकार सम्पूर्ण राजस्व जिला फलोदी किए जाने से इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश क्रमांक स्था./2024/93 दिनांक 16.05.2024 का अधिक्रमण करते हुए जोधपुर जिला न्यायक्षेत्र में **लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, 2012** (जिसे आगे पोक्सो एक्ट के नाम से संबोधित किया गया है) के अन्तर्गत उद्भूत होने वाले मामलों में गवाह/पीड़ित/अभियोक्त्री के धारा 183 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत् कथन लेखबद्ध किए जाने के लिए संबंधित पुलिस थाना क्षेत्र के संबंधित न्यायिक मजिस्ट्रेट को अधिकृत किया जाता है।

भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता या अन्य विधि में पंजीबद्ध आपराधिक प्रकरणों में धारा 183 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत् गवाह/पीड़ित/ अभियोक्त्री के बयान जिस न्यायालय से संबंधित थाने के होंगे, वे बयान उक्त न्यायालय के ऐसे **लिंक न्यायालय द्वारा ही लेखबद्ध किए जाएंगे, जिसमें पीठासीन अधिकारी की नियमित नियुक्ति है।**

(सुविधा हेतु इस कार्यालय द्वारा जारी लिंक न्यायालय संबंधी आदेश क्रमांक स्था./2025/109 दिनांक 12.06.2025 की प्रति आदेश के साथ संलग्न की जा रही है)

नोटः— **पोक्सो एक्ट व अन्य मामलात में पीड़ित/अभियोक्त्री के धारा 183 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत् बयान संबंधित मजिस्ट्रेट द्वारा मामले के अनुसंधान अधिकारी द्वारा आवेदन करने पर अविलम्ब विधि अनुसार लेखबद्ध किये जावें। पीड़ित/अभियोक्त्री की पहचान अनुसंधान अधिकारी से सुनिश्चित करवाई जावे।**

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जोधपुर जिला
12-6-2025

क्रमांकः— स्था./2025/ 1919-1928 दिनांकः—

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है—

1. विशिष्ट न्यायाधीश, न्यायालय, पोक्सो अधिनियम, जोधपुर जिला।
2. अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश, जोधपुर जिला/बिलाड़ा/बालेसर।
3. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर जिला।
4. वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, पीपाड़ शहर/बिलाड़ा/बालेसर/ओसियां।
5. सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जोधपुर जिला/पीपाड़ शहर/बालेसर/बिलाड़ा/भोपालगढ।
6. न्यायाधिकारी, ग्राम न्यायालय, ओसियां।
7. अध्यक्ष, बार एसोसिएशन, जोधपुर/पीपाड़ शहर/बालेसर/ओसियां/बिलाड़ा/भोपालगढ।
8. पुलिस अधीक्षक, जोधपुर ग्रामीण।
9. सहायक निदेशक, अभियोजन, जोधपुर
10. संबंधित पुलिस थाना ..... जोधपुर ग्रामीण।
11. रक्षित पत्रावली।

जिला एवं सेशन न्यायाधीश
जोधपुर जिला
12-6-2025